शहर को स्वच्छ, सुन्दर बनाकर कायाकल्प... पृष्ठ 2 | राजनांदगांव में भाजपा सदस्यता... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559


गुरूवार, 03 अक्टूबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 349, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## बीते 10 सालों में कोटि-कोटि भारतीयों ने स्वच्छ भारत मिशन को अपनाया - नरेन्द्र मोदी

### स्वच्छ भारत मिशन के 10 शानदार साल पर आयोजित समारोह में जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव एवं प्रतिनिधिमण्डल हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित पूज्य बापू का सपना देश का संकल्प तथा स्वच्छ भारत मिशन के 10 शानदार साल पर आयोजित समारोह में शिरकत की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीते 10 सालों में कोटि-कोटि भारतीयों ने स्वच्छ भारत मिशन को अपनाया है और अपना मिशन बनाया है। गंदगी जाने से और स्वच्छता आने से बीमारियां चली गई हैं। कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव एवं प्रतिनिधिमण्डल इस समारोह शामिल हुए। इस समारोह में शामिल होने के लिए कलेक्टर दुर्ग सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह को नामांकित किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जनसहभागिता से स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ और स्वस्थ भारत के दृष्टिकोण से प्रतिबद्धता, प्रेरणा के साथ किए गये कार्य के बेहतरीन परिणाम रहे। जिसका असर दूरस्थ क्षेत्रों तक दिखाई दिया। गांव-गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखाई दी। टीम भावना के साथ स्वच्छता और साफ-सफाई के दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सामूहिक भागीदारी से कार्य किया गया। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के लिए ईको ब्रिक्स, हैण्डवाश, कबाड़ से जुगाड़, स्कूलों में स्वच्छता से संबंधी विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन, सूखा व गीला कचरा की पहचान करने के लिए बताया गया। स्वच्छता को अपनाने के लिए घरों की दीवारों में स्लोगन लिखा गया। वहीं एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनसमुदाय को अपने घर, परिसर एवं परिवेश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया जा रहा है। जिले में स्वच्छता के प्रति विशेष कार्य एवं प्रयास किए गए। गौरतलब है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने एवं सामूहिक रूप से अपने गांव व क्षेत्र को स्वच्छ रखने स्वच्छता ही सेवा अभियान का मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 मनाया गया। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से प्रतिनिधिमण्डल इस



कार्यक्रम में शामिल होने आएं। जिसमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम, जनपद, सफाई मित्र एवं स्वच्छता के लिए कार्य करने वाले प्रतिनिधि शामिल हुए। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही व सफाई मित्र के योगदान की सराहना एवं प्रोत्साहन है। पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में किये गये कार्यों व उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया गया।

## सांसद संतोष पांडे ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बांधा बाजार जिला मोहला- मानपुर-अम्बागढ़ चौकी स्थित सरस्वती शिशु



मंदिर विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय लोकप्रिय सांसद श्री संतोष पांडे जी के आतिथ्य में संपन्न हुआ। माननीय श्री संतोष पांडे जी ने सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू को मोमेंटो, रामचरित मानस की प्रति भेंटकर उन्हें सम्मानित किया और शुभकामनायें प्रेषित किए।

## आज धूमधाम से मनायी जायेगी अग्रसेन जयंती



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अग्र कुल प्रवर्तक भगवान श्री अग्रसेन जी की 5148 वीं जयंती 3 अक्टूबर , गुरुवार को अग्रवाल समाज द्वारा श्रद्धापूर्वक, पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी । अग्रसेन भवन में दोपहर 3:00 बजे आयोजित जयंती महोत्सव के मुख्य अतिथि श्री नेतराम जी अग्रवाल ,समाजसेवी, भिलाई होंगे समारोह की अध्यक्षता श्री सुनील शंकर लाल जी अग्रवाल, समाज सेवी कामठी, महाराष्ट्र करेंगे।मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसके पहले फूलों की माला बनाओ तथा आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता महिला मंडल द्वारा आयोजित की जाएगी । भगवान श्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के साथ समारोह प्रारंभ होगा । अपने जीवन में

### शोभायात्रा निकलेगी, सम्मान एवं पदक वितरण होगा

संघर्ष से सफलता के अनथक प्रयास के साथ नारी गरिमा और अस्मिता की अनुकरणीय मिसाल स्थापित करने वाली राजनांदगांव की बेटी स्वर्गीय श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की जीवंत तस्वीर का अनावरण अतिथियों द्वारा किया जाएगा । विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्ति श्री श्याम सुंदर पुष्पा देवी लोहिया एवं श्री सत्यनारायण पुष्पा देवी अग्रवाल (गैंदाटोला वाले) का सम्मान किया जाएगा इसी तरह अपने जीवन के सत्तर बरस पूर्ण करने वाले समाज के वरिष्ठ सदस्यों में सुरेश कुमार अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल लक्ष्मी चंद्र अग्रवाल एवं श्रीमती सावित्री देवी खोखरिया श्रीमती चंद्रकला अग्रवाल तथा श्रीमती पुष्पा देवी अग्रवाल का सम्मान किया जाएगा । अग्रवाल समाज के मेधावी विद्यार्थियों को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा । शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी । अंत में महाप्रसादी के साथ जयंती समारोह संपन्न होगा । अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया,सचिव श्रीमती रीना अग्रवाल, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल ने सभी अग्र बंधुओं से सपरिवार जयंती महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत मांगाटोला मे मासिक आयुष ग्राम स्वास्थ शिविर का आयोजन

**अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** आयुष विभाग द्वारा ग्राम पंचायत मांगाटोला में 30 सितंबर को आयुष ग्राम अन्तर्गत जिला आयुष अधिकारी श्रीमति शिल्पा पांडेय के कुशल मार्गदर्शक में निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। शिविर की उदघाटन ग्राम सरपंच एवं अन्य



जनप्रतिनिधिगण के उपस्थित मे भगवान धन्वंतरी पूजा अर्चना कर किया गया। शिविर में कुल लाभार्थी 80 मरीजों को निशुल्क उपचार एवं दवा वितरण किया गया। इस दौरान रोगों से बचने के उपाय डॉ इकबाल हुसैन द्वारा बताएं गए। अर्जुन का छाल का सेवन उच्च रक्तचाप के लोगों को उपयोग नियमित रुप से लेने की सलाह भी दी गई।







# शहर को स्वच्छ, सुन्दर बनाकर कायाकल्प करने के लिए सभी आगे आएं - डॉ. रमन सिंह

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, स्वच्छता के संकल्प के साथ परिवर्तन का करें प्रयास












**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने स्वच्छता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमवीरों को सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी ने और पूरे देश ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही पखवाड़ा मनाया है। जिसके अंतर्गत पौधरोपण, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजनांदगांव में विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान से जुड़कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनसामान्य, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने जनसहभागिता से श्रमदान कर साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत और कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने की थी। वे स्वयं अपना शौचालय साफ करते थे। जिसका असर पूरे देश में हुआ। उन्होंने न केवल देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, बल्कि अस्पृश्यता के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने हम सभी को एक जैसा बनाया है और सभी का रक्त लाल है। मानवता की दृष्टि से ऊंच-नीच, छुआछूत की भावना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में स्वच्छता अभियान की शुरूआत की थी। देश में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। हम सभी को स्वच्छता को अपने आदत में शामिल करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए कार्य करने हेतु हम सभी को आगे आना होगा। गांधी जी कहते हैं कि अपने आस-पास और परिवेश में साफ-सफाई करने के साथ ही अपने मन को साफ रखें।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव शहर का कायाकल्प तभी होगा जब हम सभी श्रमदान करते हुए स्वच्छता के लिए अपना योगदान देंगे। हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वे अपने शहर और अपने आस-पास के परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए कार्य करें। जिले में पौधरोपण, जलसंरक्षण, गीला एवं सूखा कचरा को अलग करना, रिसायक्ल करना तथा स्वच्छता से जुड़े विभिन्न गतिविधियों को अपनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान से जुड़े लोगों का पैर धोकर उनका सम्मान किया। अब बच्चे भी स्वच्छता का महत्व समझने लगे हैं। हमें स्वच्छता को अपने जीवन पद्धति में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने स्वच्छता के लिए शहरी क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने के लिए नगर निगम आयुक्त एवं उनकी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपने शहर राजनांदगांव को स्वच्छ और सुंदर बनाकर कायाकल्प कर सकते हैं। राजनांदगांव शहर को प्रदेश में स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए मिल कर कार्य कर सकते हैं। हम आज यह संकल्प लेकर इस परिवर्तन के लिए प्रयास करें।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के लिए लगातार कार्य किया गया। सभी वार्डों में स्वच्छता को स्वीकार करते हुए जनसहभागिता से साफ-सफाई के लिए निरंतर कार्य किया गया। ऐसे क्षेत्र जहां साफ-सफाई की आवश्यकता थी, उन्हें चिन्हांकित करते हुए न केवल साफ-सफाई की गई, बल्कि वहां पौधरोपण भी किया। अपने आस-पास के परिवेश को साफ रखने के दृष्टिकोण से जनसहभागिता से यह कार्य संभव हुए। यह 15 दिन हम सभी के लिए व्यवहार परिवर्तन का अवसर रहा है। 365 दिन यदि हम श्रमदान करते हुए स्वच्छता का यह कार्य कर सकें, तो इससे बहुत परिवर्तन आएगा। स्वच्छता हमारे स्वास्थ्य से प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी हुई है। गंदगी से बीमारी फैलती है। छोटे बच्चे और बुजुर्ग की रोगप्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है। सभी को स्वास्थ रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है। जनप्रतिनिधियों ने भी स्वच्छता के इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हमें स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करना होगा। यह अभियान जनभागीदारी से एक खुबसूरत अभियान बन गया। इस अभियान के दौरान सभी स्वच्छता दीदीयो को स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड, श्रम विभाग का पंजीयन एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्हें शासन की योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जनसहभागिता से चलाया गया तथा इस दौरान शहरी क्षेत्रों में व्यापक तौर पर साफ-सफाई की गई। आज यहां ऐसे श्रमवीर जिन्होंने स्वच्छता के लिए अपना विशेष योगदान दिया है, उन्हें सम्मानित किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएलआरएम सेंटर पेण्ड्री से श्रीमती किर्ती मानिकपुरी, नवागांव से श्री गुलाब गोड़, रेवाडीह से श्रीमती पुष्पा नेताम, 18 एकड़ से श्रीमती संगीता यादव एवं इन्द्रानगर से महेश्वरी साहू सम्मानित किया गया। जनपद मुख्यालय में स्वच्छता के लिए अच्छा कार्य करने वाले सरपंच, सचिव, स्वच्छताग्राही दीदी एवं बिहान की दीदी को सम्मानित किया गया।

## धामनसरा में मनाया गांधी जयंती वैष्णव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थल ग्राम पंचायत धामनसरा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती मनाया गया योगेन्द्र दास वैष्णव ने कहा कि सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देशवासियों को आजादी के लिए प्रेरित करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जयंती मनाया जा रहा है तथा गांधी के सिध्दांतों और विचारों ने सम्पूर्ण विश्व को नई दिशा दिखाई गांधी आदर्शों को जीवन में अपना कर उनके सपनों के भारत के निर्माण में योगदान दे सरपंच लोकेश कुमार गंगवीर उपसरपंच कृत लाल पटेल पूर्व उपसरपंच चुम्मन निषाद पंच कीर्ति पटेल तिलक निषाद गंगा पटेल बिसातिंन पटेल सावित्री निषाद सोहादा वर्मा नंदेश्वरी पटेल लता पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

## रक्तदाता संस्था सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू को किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 1 अक्टूबर को रक्तदाता संस्था सम्मान समारोह में सत्यम ब्लड ग्रुप के संयोजक चित्रांगन साहू (ग्राम जोशीलमती) को प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सत्यम ब्लड ग्रुप द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर थैलेसीमिया, सिकलीन, मरीज़ और गर्भवती महिलाओं सहित राजनांदगांव के सभी ब्लड बैंक के सहयोग से हजारों पेशेन्ट को ब्लड उपलब्ध कराया और निरन्तर रक्तदान और ब्लड दिलाने में विशेष सहयोग रहा।ब्लड बैंक मेडिकल की पूरी टीम को बहुत बहुत बधाई आदरणीया डॉ कुजूर मेडम,आदरणीय डॉ बेग सर,आदरणीय डॉ सिसोदिया सर,आदरणीय डॉ रिंकू सर,ज्योति मेडम, चुमेश सर,विवेक सर,चुमेश सर,प्रतीक और ब्लड बैंक की पूरी टीम को सत्यम ब्लड ग्रुप संयोजक चित्रांगन साहू सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## लोहाणा समाज में नवरात्रि उत्सव की तैयारी धूमधाम से

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइत्म्स )।** स्टेशन रोड स्थित श्री लोहाणा महाजन वाड़ी में लोहाणा समाज के नवरात्रि उत्सव की तैयारी धूमधाम




से चल रही है, 3 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे से आचार्य महेंद्र भाई शुक्ला द्वारा माताजी के स्थापना पूजा कराई जायेगी, रात्रि 9.30 बजे माताजी की पहली आरती के साथ रास गरबा शुरू होगा, इसके पश्चात रात्रि 12.30 को आरती व प्रसादी वितरण किया जायेगा, प्रतिदिन इसी क्रम में सुबह की पूजन होगा तथा रात्रि में गरबा होगा, पंचमी के शुभ दिन महा आरती का आयोजन होगा, 11 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से माताजी के अष्टमी का हवन होगा जिसकी पूर्णाहुति संध्या 6 बजे होगी, 12 अक्टूबर को रात्रि 11 बजे पश्चात ज्योत जवारा गरबा विसर्जन हेतु यात्रा माता देवालय हेतु निकलेगी, अध्यक्ष दीपक भाई बुद्धदेव के नेतृत्व में नवरात्रि की पूरी तैयारी में जगदीश भाई कोटक,नाथा भाई रायचा,प्रवीण भाई काथरानी,उपाधक्ष भरत भाई जोबनपुत्रा,रितेश भाई लाल, गौतम भाई कोठारी,सचिव योगेश एल.कोटक, कोषाध्यक्ष दिनेश भाई साहिता, पीआरओ मनीष साहिता सहित युवा मंडल के हिमांशु रायचा,आशीष ठक्कर,अक्षय रायचा,दिवेश रायचा, देवेंद्र सेजपाल,परेश रायचा के साथ ही महिला मंडल अध्यक्ष नीता बेन रायचा,सचिव दिव्या बेन नगदिया तथा ट्रस्ट मंडल के हसमुख भाई रायचा, सुरेश भाई कोटक,भूमन भाई मिरानी सहित कार्यकारिणी के अनेक सदस्य भव्य तैयारी कर रहे हैं, लोहाणा समाज में नवरात्रि पर्व का यह लगातार 69 वां वर्ष है जिसे पूरी आस्था एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

**शुभांक**

**2-7-0**

**770-4 250-7**

# छत्तीसगढ़ से आने वाले दर्शनार्थीयों के सुविधा के लिए रूट चार्ट तैयार!

### दुर्ग पुलिस करेगी 24 घंटे पेट्रोलिंग!

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** देश भर में 3 अक्टूबर शारदीय नवरात्रि का त्यौहार प्रारंभ होने जा रहा है। इसको लेकर शासन- प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गया है। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी का दर्शन करने लिए श्रद्धालु जाते हैं और सड़कों पर काफी भीड़ होती है। ऐसे में श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े, इसके लिए दुर्ग पुलिस ने पदयात्रियों और वाहन चालकों से खास अपील की करते हुए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

**नया रुट चार्ट** - दुर्ग पुलिस करेगी 24 घंटे पेट्रोलिंग

दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों और वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए दिये निर्देश पर कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किया गया है। जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से 4 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किये गये है, जो लगातार 24 घंटे 3 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक पेट्रोलिंग करेगें। ये सभी लाउड स्पीकर के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें और किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने देगें। इसी प्रकार पदयात्रियो के सहायता के लिए अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र बनाये गये हैं।

**पदयात्रियों के लिए बनाया गया रुट चार्ट :-** कुम्हारी टोल प्लाजा- सिरसा गेट चौक, डबरापारा तिराहा-खुर्सीपार तिराहा, पावर हाउस अण्डर ब्रिज-मुर्गा चौक-सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर-09 चौक-ठगडा बांध ओवर ब्रिज, जेल तिराह-गौरव पथ, गांधी पुतला - पटेल चौक, गंजपारा -पुलगांव चौक, शिवनाथ नदी ब्रिज-अंजोरा बाईपास, राजनांदगांव से होकर डोगरगढ़ जायेगें। पुलिस ने की पदयात्रियों से यह अपील पदयात्री अपने बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चले एवं रफ्लेक्टिव कपडे पहने डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के एकदम किनारे बांये ओर चले वाहन चलने वाले सडक पर ना चले ताकि दुर्घटना से बच सकें। देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें। प्रशासन द्वारा निर्धारित पदयात्रा मार्ग पर ही चले। पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम ना करे अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते है। पदयात्रा मार्ग पर बांये ओर वाहन चल रहे होगें अत: सचेत एवं चौकन्ना होकर पदयात्रा करें।हाईवे में सर्विस लेन का प्रयोग करे।बायपास मार्ग का प्रयोग न करें। दर्शन के लिए वाहन से जाने वाले वाहन चालको से अपील !देर रात यात्रा करने के बचे।

अधूरे नींद (अनिंद्रता) में वाहन ना चलाये। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ना बैठायें। शराब एवं किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाये। सड़क पर वाहन पार्क ना करें। कुम्हारी से डोगरगढ़ तक वाहनों का रूट निर्धारित किया गया है अत: निर्धारित डायवर्सन मार्ग का प्रयोग करें। रात्रि के समय वाहन लोबीम (डिपर) पर चलायें। पदयात्री थके होने के कारण कई बार असुरक्षित हो जाते है अत: आप सतर्कतापूर्वक वाहन चलाये और दुर्घटना से बचें। माल वाहन में सवारी न बैठाये।

## डोंगरगढ़ रेल्वे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाया गया

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के तहत 02 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन परिसर में नागपुर रेलवे डिवीजन के अधिकारियों की उपस्थिति में फार्मर सी एस एम ए के मंडल व




मुख्य स्टेशन प्रबंधक डोंगरगढ़ गुरुचरण शेट्ठी चीफ डीटी आई हरिहर राणा, सीआई निरजंन सिंह, इंस्पेक्टर संकल्प राय, हेल्थ इंस्पेक्टर सुशीला, पी एम ए हिला गुप्ता, जोनल सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर राजेंद्र बागडे एवं देवेंद्र युईके जोनल स्टाफ सिविल डिफेंस स्टाफ अर्जुन सिंह के आरपीएफ वॉलिंटियर्स एवं एस राय अनुदेशक आवरेटिंग स्टाफ एवं सिविल डिफेंस वालंटियर गजेंद्र सिंह गढ़वाल एवं ललित गवली एव साथियों द्वारा डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन के परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत बैनर तले स्वच्छता अभियान चलाया गया! मुख्य स्टेशन प्रबंधक डोंगरगढ़ गुरुचरण शेट्ठी द्वारा उपस्थित वॉलिंटियरों को शपथ दिलाई गई कि प्रतिवर्ष हम सभी 100 घंटे समय स्वच्छता के लिए समर्पित करेंगे, मैं ना कूड़ा कचरा करूंगा और ना ही दूसरे को भी करने दूंगा, मैं स्वस्थ भारत मिशन के संदेश को गांव और कस्बों में प्रचारित करूंगा, साथ ही 100 लोगो को स्वच्छता के लिए प्रेरित करूंगा। का शपथ दिलाया गया।

# शिशु मंदिर खैरागढ़ में हुआ संस्कृति महोत्सव का उद्घाटन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के योजना अनुसार दुर्ग राजनांदगांव विभाग का संस्कृति महोत्सव 2024 का उदघाटन समारोह बुधवार 02 अक्टूबर को



संपन्न हुआ।।जिसमें मुख्य अतिथि त्रिलोक बंसल, पुलिस अधीक्षक जिला केसीजी, अध्यक्षता प्रो.राजन यादव, विशिष्ट अतिथि राजेश ताम्रकार उपस्थित रहे।। इस अवसर पर विभाग समन्वयक दीपक सोनी, राजनांदगांव विभाग समन्वयक दीपक यादव एवं विभाग कार्यक्रम प्रभारी बृजमोहन साहू उपस्थित थे।। इस महोत्सव में 19 विद्यालय के 302 बहिने, 110 भैया, 36 संरक्षक आचार्य एवं 15 निर्णायक उपस्थित हुए। उक्त कार्यक्रम में कुल 19 विधाओं की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।। जिसमें एकल भजन, तबला वादन, व्यक्तिगत गीत, वन्देमातरम गीत, मूर्तिकला, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कथा कथन, एकल अभिनय, शास्त्रीय गायन, शास्त्रीय नृत्य, निबंध, स्वरचित कविता, रंगोली प्रतियोगिता, गीता पाठ, बौद्धिक प्रश्न मंच, मानस प्रथमाक्षरी इत्यादि प्रतियोगिताएं हैं।। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने भैया बहनों को अपने अंदर छिपी कलाओं को पहचान एवं उसे प्रदर्शित करने के संदर्भ में मार्गदर्शन दिया तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर राजन यादव अपने उद्बोधन में भैया बहनों को दृढ़ संकल्प एवं अपनी सोच को सकारात्मक रखने के बारे में बताया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजेश ताम्रकार ने इस संस्कृति महोत्सव को भावी पीढ़ी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। विभाग समन्वयक दीपक सोनी ने कार्यक्रम की प्रतिवेदन देते हुए संस्कृति महोत्सव का उल्लेख करते हुए इसे आयोजित करने का उद्देश्य एवं इसके लाभ के बारे में बताया कि यह भावी पीढ़ी के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

# सर्व ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने देश के आजादी तथा 1947 से अब तक शहीदों व ज्ञात अज्ञात महिलाओं को दिया तर्पण




**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** सर्व ब्राह्मण समाज ने बुधवार को महादेव घाट में पितृ तर्पण किया। देश के आजादी के लिए तथा 1947 से लेकर देश भर में आतंकी और नक्सली हमले में शहीद अफसर व जवानों के नाम से अनुष्ठान किए गए । वैसे तो सर्व ब्राह्मण समाज 2008 से श्राद्ध करता आ रहा है, लेकिन 2019 से समाज की महिलाओं ने सारे अनुष्ठान संपन्न कराए । ब्राह्मण समाज के प्रदेश व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मार्गदर्शन में बुधवार सुबह महादेव घाट परिक्षेत्र सर्व ब्राह्मण महिला मंच के पदाधिकारी महादेव घाट में इकट्ठी हुई। खारून नदी में शहीदों को जल अर्पण, तर्पण किया । इस दौरान देश व समाज के लिए शहीद ज्ञात अज्ञात महिलाओं तथा ऐसे दिवंगत लोग जिनके कोई नहीं है, के नाम से भी विविध अनुष्ठान किए गए। महिलाओं ने उन्हें चावल, तिल, गुड़, उड़द दाल आदि का अर्पण किया। इस दौरान पंडितों का दल भी मौजूद रहा, जिन्होंने मंत्रोच्चार के साथ विधिपूर्वक सारे अनुष्ठान संपन्न कराए। समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा का कहना है कि दुनिया भर में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है । अब भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां महिलाओं को समानता नहीं मिली है । इसी दिशा में प्रयास करते हुए 2019 से समाज की महिलाएं श्राद्ध कर रही है ताकि धार्मिक अनुष्ठानों में भी महिलाओं को समानता का पर्याप्त अधिकार मिल सके। कार्यक्रम में ललित मिश्रा, रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, सुधा शर्मा, ममता तिवारी, शारदा मिश्रा, शशि पांडे, अदिति शर्मा, गणेश शर्मा, नीतीश शुक्ला, गोपाल शर्मा, शिवम शर्मा सहित पदाधिकारी शामिल थे ।

# आज से शहर में लायंस क्लब के नवरात्रि रास-गरबा उत्सव की रहेगी धूम

## डीजे साउंड सिस्टम का नहीं होगा उपयोग , लाईव म्यूजिक से रंगारंग गरबा कार्यक्रमों की बिखरेगी छटा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार धानी नगरी में इस बार भी क्वार नवरात्रि पर्व अवसर? पर?? लायंस इंटरनेशनल सिटी ?राजनांदगांव - गरबा उत्सव 2024 की धूम रहेगी। जगज्जननी मां दुर्गा की पूजा-आराधना के साथ मातारानी की शान में रास-गरबा व डांडिया नृत्य करने के शौकिन लोगों के लिए शहर के गायत्री विद्यापीठ मैदान में गरबा उत्सव की रंगारंग छटा बिखरेंगी।लोग बड़ी संख्या में डांडिया, रास गरबा कार्यक्रम में भाग लेकर मातारानी के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना के पुष्प अर्पित करेंगे। लायंस गरबा चेयरमैन ला0 ?राजेश? माखीजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार ?लायंस ?के गरबा उत्सवों में तेज आवाज वाले डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग नही? किया जा रहा है। इसके स्थान पर बाहर से कलाकारों को बुलाकर लाईव म्यूजिक के द्वारा रंगारंग गरबा कार्यक्रम किया जा रहा है। आज? से कंचन? बाग में लाईव म्यूजिक व रंग-बिरंगी लाइटिंग के बीच लायंस क्लब ? के रास-गरबा उत्सव की सतरंगी छटा बिखरेगी , जिसके आनंद में रगरबा प्रेमी देर तक डूबे नजर? आएंगे। लायंस



क्लब गरबा उत्सव के अध्यक्ष तरणजीत सिंह अऱोरा , की धूम बनी रहती है। इस बार लायंस क्लब विशेष करने जा रहा है। लायंस क्लब के लायन बृजकिशोर सुरजन, तरणदीप आरोरा, शारदा तिवारी, राजा माखीजा, संतोष लोहिया आदि ने बताया कि इस बार बजाय राज इंपीरियल के शहर के बीच गायत्री विद्यापीठ स्कूल मैदान कंचन? बाग में रास-गरबा उत्सव का रंगारंग कार्यक्रम किया जा रहा है। मातारानी की पूजा-आराधना के साथ नौ-दिनों तक अनवरत चलने वाले रास गरबा उत्सव में लाईव म्यूजिक कार्यक्रम रंग-भरने जा रहा है। लायंस गरबा उत्सव? के चेयरमैन राजा माखीजा, अध्यक्ष ला0तरणजीत सिंह अऱोरा, कोषाध्यक्ष ला0 संतोष लोहिया, सचिव ला0डा, गिरिश श्रीवास्तव लायन वाइस चेयरमैन ला0 श्रीमती शारदा तिवारी, एमजेएस ला0 ?राजकुमार शर्मा (अधिवक्ता) ने बताया कि 80 हजार स्क्वेयर फीट मैदान में आयोजित होने वाले गरबा उत्सव कार्यक्रम में रंग-भरने के लिए राजस्थान आदि से कलाकार आ रहे है। गरबा स्थल व मंच की सजावट के लिए मुंबई की टीम का सहयोग लिया गया है। लायंस क्लब द्वारा इसकी जोरदार तैयारी की गई है। बताया गया है कि नवरात्रि के प्रथम दिन आज 3 अक्टूबर को लायंस क्लब के रास-गरबा उत्सव कार्यक्रम की भव्य एवं दिव्यता दोनों देखने को मिलेगी। गायत्री विद्यापीठ के विशाल मैदान में नवरात्रि के नौ-दिनों तक लायन गरबा उत्सव का सतरंगी जलवा देखने को मिलेगी। रंग बिरंगी लाइट और लाईव म्यूजिक के बीच ताल से ताल मिलाते गरबा प्रेमी जन थिरकते हुए नजर आएंगे।

## ज्ञान मंथन

*1) 1988 में भारतीय रेलवे ने कंप्यूटर द्वारा आरक्षण प्रणाली के साथ ही किन विशिष्ट ट्रेनों के परिचालन की शुरूआत की?*
*2) मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत कब हुई थी?*
*3) हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस कब मनाया जाता है?*
*4) कौन-सा जंगल पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों के रूप में जाना जाता है?*
*5) हाल ही में चर्चा में रहे, शावकत मिर्जियोयेव किस देश के राष्ट्रपति हैं?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) शताब्दी एक्सप्रेस (2) 3 अक्टूबर 2014 (3) 30 सितंबर (4) अमेजन वर्षा वन (5) उज़्बेकिस्तान

# राजनांदगांव में भाजपा सदस्यता अभियान का कीर्तिमान स्थापित करेगा : रमन सिंह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से जारी सेवा स्वच्छता पखवाड़े का आज 02 अक्टूबर को गॉधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर समापन हुआ। इसके पूर्व जिलेभर में जोरदार स्वच्छता अभियान चलाया गया। लखोली स्थित दुर्गा चौक में भी स्वच्छता पखवाड़े के समापन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, वार्ड नं. 36 के बूथ नं. 62 में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुये छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि महात्मा गॉधी व लालबहादुर शास्त्री जी का देश की आजादी में अतुलनीय योगदान है, गॉधी जी ने सारा जीवन सत्य-अहिंसा व सेवा के लिये समर्पित कर दिया था, वे 21 वर्षो तक दक्षिण अफ्रीका में आंदोलन किया फिर वे लंदन आकर विधि की डिग्री ली और फिर भारत आकर आजादी के आंदोलन में कूद पड़ें। वे अपने गुरू गोपाल कृष्ण गोखले के मार्गदर्शन में आजादी का आंदोलन चलाया और अतंत: हम सबको आजादी दिलायी। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाये जा रहे सदस्यता अभियान का जिक्र करते हुये कहा कि हम सदस्यता को लेकर एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति में लगे हुये है, हमे इस बात का गर्व



होना चाहिये कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक संस्था है, जिसके पास देश में सर्वाधिक सांसद-विधायक, मंत्री, पंच-सरपंच व पार्षदों की फौज है। देश के सर्वाधिक राज्यों में भाजपा की ही सरकार है। 18 करोड़ से अधिक पार्टी के सदस्य है, यह सब उपलब्धि आम जनता के असीम प्यार व स्नेह का नतीजा है। पार्टी द्वारा जारी सदस्यता अभियान के लिये कार्यकर्ताओं से जुट जाने का आव्हान करते हुये कहा कि उन्हे राजनांदगांव विधानसभा में एक लाख दो हजार वोट मिले है और वह चाहते है कि इतने ही लोग भाजपा का सदस्य बनकर जिले व प्रदेश में नये कीर्तिमान स्थापित करें। समारोह के प्रारंभ में जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने सदस्यता अभियान व सेवा स्वच्छता पखवाड़े का ब्यौरा पेश किया व आश्वास्त किया कि सदस्यता को लेकर जो लक्ष्य पार्टी ने दिया उसे हम पूरा करके रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के स्वच्छता अभियान के प्रभारी वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, शहर भाजपा के महामंत्री हकीम खान, रघुवीर वाधवा व रमेश सोनवानी का उत्कृष्ट कार्य के लिये सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर भाजपा अध्यक्ष तरूण लहरवानी ने किया, इस दौरान प्रमुख रूप से कोमल सिंह राजपूत, आभा तिवारी, रवि सिन्हा, अशोकादित्य श्रीवास्तव, गप्पू सोनकर, संतोष निर्मलकर, गौरव शर्मा, गिन्नी चावला, रविन्द्र रामटेके, मिथलेश्वरी वैष्णव, सरिता उईके, सुनीता डोंगरे, गितेश गुप्ता, हीरोबाई यादव, देवबती साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. रमन सिंह ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं व उपस्थित नागरिकों, महिलाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

## 1 साल तक जीर्णोधार का करता रहा इंतजार

**साल्हेवारा ( नांदगांव टाइम्स )।** साल्हेवारा के आगमन द्वार के बाद जैसे ही आप बस्ती मोहल्ले की ओर जाने का प्रयास करेंगे तो सावधान रहे की जिस पुल के 1 साल से नीचे गिरने और रास्ता बंद होने का इंतजार किया जा रहा था वो आखिरकार टूट कर एक जानलेवा गड्ढे में तब्दील हो गया है। पिछले साल बांध की दीवाल के टूट जाने से जल के प्रलय में पूरा झोरीपारा प्रभावित होकर बह गया था उसी दौरान इस रास्ते के नीचे के जो मोंगे लगे हुए थे वो भी बह कर तालब में डूब गए और असहाय रास्ता पिछले साल से अब तक इंतजार में रहा लेकिन किसी पंच या सरपंच ने उसकी सुध नहीं ली थी यदि सही समय में इस पर ध्यान दिया जाता तो इस पुल को गिरने से और रास्ते को बंद होने से बचाया जा सकता था पर रिपेयरिंग होने से पुल निर्माण के लिए आने वाले नए ठेके को भारी नुकसान होने का खतरा था इसलिए बीच में गर्मी के महीने में भी जब पुल का पानी लगभग सुख गया था तब भी उसे बनाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए लंबे इंतजार के बाद आज आखिर पुल धरासाई हो गया और बेहद ही खरनाक और जानलेवा गड्ढे में तब्दील हो गया।



**मार्ग में अवरोधक के नही किए इंतजाम**

बेहद ही खतरनाक रूप में तब्दील इस गड्ढे में मार्ग को अवरोध करने एवं सूचक चिन्ह भी अबतक नही लगाए गए जिससे कभी भी दुखद दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है ये मार्ग आगे तीन से चार मोहल्ले से गुजरते हुए आगे कवर्धा जिले के रेंगाखार कला मार्ग में जुड़ता है और रात्रि में ज्यादातर लोग इसी मार्ग से सुगमता से आना जाना पसंद करते है इस गड्ढे के बन जाने से आवागम पूरी तरह से बंद तो होगया है पर यदि कोई अंजान व्यक्ति इस मार्ग से गुजरता है तो दुर्घटना होने की पूरी पूरी संभावना बनी हुई है। पिछली बार की तरह इस बार भी कही इंतजार में ही ये मार्ग इंतजार में ही ना रह जाए।

## थाना गैंदाटोला क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित ग्रामों के 24 ग्रामीणों का कराया गया ऑखो का परीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 02.10.2024 को श्री दीपक कुमार झा, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, राजनांदगांव के निर्देशन एवं श्री मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्ग दर्शन में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत घोर नक्सल प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों के ऑखों के परीक्षण हेतु उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव में शिविर का आयोजन कराया गया। उपरोक्त शिविर में थाना गैंदाटोला के घोर नक्सल प्रभावित ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा ऑखों का परिक्षण कराया गया, जिसमें से 24 ग्रामीणों के ऑखों में मोतियाबिन्द की पहचान कर 19 ग्रामीणों के ऑखों का सफल ऑपरेशन कराया गया तथा 05 ग्रामीणों का जिसमें 01 के ऑखो मे मवाद होने से, 02 को बी.पी. बढ़ने एवं 02 का शुगर हाई होने के कारण 01 हफ्ते बाद ऑपरेशन के लिये पुन: उद्याचल चेरिटेबल, आई केयर हास्पिटल राजनांदगांव में बुलाया गया है।



## पार्किंग स्थल के लिए शासन ने किया शर्त लागू! अवैध पार्किंग वसूली पर गिरेगी गाज!

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** क्वाँर नवरात्र के दौरान आने वाले दर्शनार्थी यात्रियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है! प्रशानिक अधिकारी के द्वारा कड़ी नजर रखी जायेगी! नियमो का पालन नहीं करने वाले संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है! डोंगरगढ़ एसडीएम चर्चा करते हुए बताया कि क्वाँर नवरात्र में निजी स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था करने के लिए 09 आवेदन प्राप्त हुए है व नपा प्रशासन के द्वारा 01 पार्किंग की व्यवस्था की गई है! नपा द्वारा शासकीय पार्किंग का दर अलग निर्धारित किया गया है तथा निजी पार्किंग का दर अलग निर्धारित किया गया है! सभी पार्किंगों में नियमानुसार पार्किंग व्यवस्था बनाए रखने के लिए 13 बिंदु का गाइडलाइन निर्धारित किया गया है जिसका कड़ाई से पालन पार्किंग संचालक को करना होगा! जिसका नियम, शर्त, दर की सूची इस प्रकार है! जैसे पार्किंग स्थल पर रेट लिस्ट बोर्ड होना आवश्यक है। जिस पर रेट स्पष्ट रूप से दिखाई दे, उक्त बोर्ड प्रवेश द्वार एवं अन्य सदृश्य स्थान पर लगाया जाना सुनिश्चित करें। जिन पार्किंग स्थल पर रेट बोर्ड नही लगाया जाता है तो उसे अवैध पार्किंग माना जावेगा पार्किंग के निर्धारित क्षेत्र के बाहर खडी वाहन से पार्किंग शुल्क वसूल नही करेंगे। सभी पार्किंग स्थल प्रभारी महिलाओं एवं पुरूषो के लिए पृथक से मूत्रालय की व्यवस्था करनाद्यअनिवार्य होगा इसकी सफाई फिनाईल आदि की व्यवस्था करना होगा। प्रत्येक पार्किंग स्थल प्रभारी दर्शनार्थियों / श्रद्धालुओं हेतु स्वच्छ पीने का पानी रखेगें।किसी भी वाहन मालिक / चालक से पार्किंग के कर्मचारी दुर्व्यव्हार या गाली गलौच नही करेंगें। यदि किसी वाहन मालिक / चालक के द्वारा शिकायत की जाती है तथा शिकायत सही पाये जाने पर पार्किग संचालक का निविदा निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।पार्किंग स्थल पर टू-व्हीलर एवं फोर व्हीलर अथवा बडे वाहनो के लिए अलग-अलग पार्किग बनाना आवश्यक होगा। पार्किंग स्थल के सामने अनावश्यक रूप से भीड न होने पाये यातायात नियमों का कडाई से पालन किया जाना भी पार्किग संचालक के लिए आवश्यक होगा। । क्वांर नवरात्र के दौरान नियमों की उल्लघन करने की स्थिति में पार्किंग प्रभारी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी) ।पार्किंग स्थल में पार्क की हुई किसी भी वाहन के गुम होने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यक क्षतिपूर्ति हेतु पार्किंग संचालक जिम्मेदार होगा नगर पालिका डोंगरगढ़ इस हेतु किसी भी स्तर पर जिम्मेदार नही होगा । किसी भी विवाद की स्थिति में अनुविभागीय दण्डाअधिकारी डोंगरगढ़ का निर्णय सर्वमान्य होगा! विद्युत मीटर/प्रकाश (लाईट) की व्यवस्था ठेकेद्वारा के द्वारा स्वय किया जाना अनिवार्य होगा !पार्किंग स्थल केवल पार्किंग उपयोग के लिए होगा अन्य किसी भी प्रकार की दुकान लगाने की अनुमति नही होगी। पार्किंग में सीसी कैमरा स्वयं पार्किंग ठेकेदार को लगाना अनिवार्य होगा। पार्किंग स्थल पर वाहनो की वसूली निर्धारित दर पर ही वसूल किया जाना अनिवार्य होगा।

## निर्माण के चंद दिनों में उखड़ती सड़क जिम्मेदारों पर खड़ी कर रही है सवाल

### जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में लगातार अनियमितता युक्त बनती सड़कों की संख्या में विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। गुणवत्ताहीन सड़के कोई इत्तेफाक नहीं बल्कि ठेकेदारों और अधिकारियों के बीच साठ गांठ के चलते स्तरहींन बनाई जा रही है जिले के कई मार्गों का नवनिर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें सोमनी से बैगाटोला नवागांव मुढीपार सड़क का नवनिर्माण का कार्य चल रहा है। ग्राम पंचायत बैगाटोला के सरपंच योगेश्वर निर्मलकर ने बताया कि सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को कई बार अधूरा नाली निर्माण को पूर्ण करने की मांग रखी गई लेकिन ठेकेदार द्वारा ना ही फोन रिसीव किया जाता है ना ही अधूरा नाली का कार्य को पूर्ण किया जा रहा है जिसकी मांग को लेकर सरपंच योगेश्वर निर्मलकर द्वारा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर ग्राम भर्रेगांव, बैगाटोला और बरगा में भी आवेदन देने के बावजूद भी आज तक कोई सुनवाई नहीं की गई है।क्षेत्रवासियों ने बताया कि बारिश में सड़क में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के गुब्बार से लोग परेशान हैं। नवनिर्माण सड़क जिसकी लंबाई लगभग 6 किलोमीटर है रखरखाव और समय रहते मरम्मत की अभाव में सड़क की हालत बेहद खस्ता हो गई है और मार्ग पर कई जगह पर बेहद जर्जर हो चुका है। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है साथ ही दुर्घटनाओं का भी शिकार होना पड़ रहा है.इस मार्ग पर छोटे वाहनों के साथ-साथ बड़े भारी वाहनों का भी आना-जाना 24 घंटे लगा रहता है अंचल के किसान भी इस मार्ग का उपयोग धान परिवहन के लिए करते हैं लेकिन सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो जाने और धूल के गुब्बार से अब चालकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

## संध्या महाआरती, पर्यावरण, सनातन संस्कृति के साथ पदयात्री सेवा

### सेवा कार्यकारिणी में संदेश जैन, मधु खण्डेलवाल अध्यक्ष, सूरज गुप्ता सचिव




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी मां बम्लेश्वरी संयुक्त पदयात्री सेवा पंडाल की कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में की गई। उक्त जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खण्डेलवाल ने बताया कि कार्यकारिणी में पुरूष अध्यक्ष संदेश जैन व महिला अध्यक्ष श्रीमती मधु खण्डेलवाल व सचिव पद पर सूरज गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व सनातन संस्कृति के साथ प्रतिदिन पदयात्रियों की सेवा की जावेगी। प्रतिदिन ढ़ोल नगाड़ो के साथ संध्या ठीक 7 बजे भगवान भोलनाथ शिवजी व दुर्गा माता जी की महाआरती की जावेगी। नगर के सभी नागरिक गणों माताओं बहनों,भक्तों, सेवा, सामाजिक संस्थाओं को अधिक से अधिक सेवा कार्य में तन, मन, धन से सहयोग करने व यथास्थितिअपना समय देने का व सेवा स्थल श्री बागेश्वर धाम मंदिर पहुँचने व पदयात्री सेवा का आग्रह किया है।

**माँ बम्लेश्वरी देवी पदयात्री, सेवा पंडाल की घोषित कार्य कारिणी इस प्रकार है।**

संरक्षक:- डॉ.डी.सी.जैन, श्रीमति शारदा तिवारी, रमेश जैन, सुशील कोठारी, दीपक, बुद्धदेव, कैलाश चंद गुप्ता, सोहनलाल गुप्ता, हरजीत सिंह भाटिया संयोजक:- पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, राकेश ठाकुर(शनिधाम),निंकुज सिंघल, योगेश साहू (गायत्री)सेवा संयोजक:- राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक) भावेश अग्रवाल,(गंगई) हेमंत तिवारी(आस्था), महेन्द्र जंघेल(जीवनदान) अध्यक्ष:- संदेश जैन,महिला अध्यक्ष :- श्रीमति मधु खण्डेलवाल स्वागत अध्यक्ष- श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, प्रतिभा खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, हरीश गांधी,उपाध्यक्ष- मंयक शर्मा, कैलाश गुप्ता, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल सचिव- सूरज गुप्ता,सहसचिव- प्रशांत अग्रवाल, रितेश यादव, सौरभ गुप्ता गोल्डी, नरेन्द्र खंडेलवाल,कोषाध्यक्ष- महेश शर्मा, उपकोषाध्यक्ष- मनीष यादव, भंडार भोजन प्रसाद प्रभारी- सोहन लाल गुप्ता, अजय गुप्ता,विकास नारायण, पदयात्री सेवा प्रभारी = शरद गुप्ता,राकेश इंदुभूषण ठाकुर,विकास गुप्ता,गणेश गुप्ता मंच व्यवस्था प्रभारी- अमलेन्दु हाजरा, शैलेन्द्र तिवारी, राज गुप्ता पूजन प्रभारी- रामावतार जोशी, विजय गुप्ता, गोंविद जोशी, श्रीमति कांति मौर्य, अर्चना अग्रवाल, रंजना शर्मा, पर्यावरण स्वच्छता प्रभारी- विनय साहू, प्रांजल गुप्ता, राकेश साहू, ममता शर्मा, रोशन ब्योहरे,रंजना शर्मा चिकित्सा प्रभारी- डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. अनिरूद्ध गांधी, डॉ योगेश चावड़ा, डॉ.क्रांति गुप्ता, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. दिलेश्वर साहू,प्रचार-प्रसार प्रमुख- अनिल त्रिपाठी, ईश्वर साहू, आत्माराम कोशा, तिलक प्रभारी- अरविंद गुप्ता, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, आशा गुप्ता, साधना तिवारी, माया अग्रवाल,रंजना गुप्ता,शोभा चोपड़ा, अर्चना अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सुखमन पुरोहित प्रसाद वितरण प्रभारी- श्रीमती ज्योति गुप्ता, वंदना गुप्ता, दुर्गा गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, चंचल गुप्ता,आरती गुप्ता, कंचन गुप्ता, सविता जोशी, प्रीति गुप्ता, यशोदा गुप्ता, मंजू खोखरिया,शशि ताम्बी, दीपा खण्डेलवाल, नीलू पांडे, अर्चना खंडेलवाल, तृप्ति करंडे, संगीता खंडेलवाल,मीना पांडे ।


## धर्म समाचार....

## आज शुरू होगी नवरात्रि एक साल में चार बार ऋतुओं के संधिकाल में आती है नवरात्रि



### इन दिनों में व्रत करना सेहत के लिए है फायदेमंद

गुरुवार, 3 अक्टूबर से शारदीय यानी आश्विन मास की नवरात्रि शुरू हो जाएगी। देवी पूजा का ये पर्व 11 अक्टूबर तक चलेगा। 11 तारीख को तिथियों की घट-बढ़ की वजह से दुर्गा अष्टमी और दुर्गा नवमी एक ही दिन मनाई जाएगी। नवरात्रि में किए गए व्रत-उपवास से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, नवरात्रि के नौ दिनों में देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। नवरात्रि के पहले दिन देवी शैलपुत्री, दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कुष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छठे दिन कात्यायनी, सातवें दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी और नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।



**ऋतुओं के संधिकाल में आती है नवरात्रि**

एक साल में कुल चार बार नवरात्रि आती है। पहली चैत्र मास में, दूसरी आषाढ़ में, तीसरी आश्विन में और चौथी माघ मास में। चैत्र और आश्विन मास की नवरात्रियां सामान्य होती हैं। इन नवरात्रियों में देवी की सरल तरीकों से पूजा की जाती है। आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्रि कही जाती है। इन महीनों में देवी की दस महाविद्याओं के लिए गुप्त साधानाएं की जाती हैं। ये तंत्र-मंत्र से जुड़े लोगों के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण है। साल में चार बार नवरात्रि आती है और चारों बार दो ऋतुओं के संधिकाल में देवी पूजा का ये पर्व मनाया जाता है। ऋतुओं का संधिकाल यानी एक ऋतु के जाने का और दूसरी ऋतु के आने का समय। चैत्र मास में शीत ऋतु खत्म होती है और ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत होती है। आषाढ़ में ग्रीष्म ऋतु जाती है और वर्षा ऋतु आती है। आश्विन मास में वर्षा ऋतु खत्म होती है और शीत आती है। माघ मास में शीत ऋतु जाती है और बसंत ऋतु आती है। ऋतुओं के संधिकाल में किए गए व्रत-उपवास से धर्म लाभ के साथ ही अच्छी सेहत भी मिलती है। इसी वजह से नवरात्रि के व्रत-उपवास से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। आयुर्वेद में रोगों को ठीक करने विधियों में एक विधि है लंघन। लंघन विधि के अंतर्गत रोगी को व्रत करने की सलाह दी जाती है। व्रत करने से पाचन तंत्र का आराम मिलता है और हमारा शरीर ऊर्जा के लिए शरीर में ही मौजूद ऐसे खाने का उपयोग करता है जो पच नहीं पाता है। जब पाचन ठीक होता है तो कई रोगों दूर हो जाते हैं।

### नवरात्र में घट स्थापना से दूर होता है वास्तु दोष

नवरात्र पर कलश स्थापना का विशेष महत्व है। इस दिन कलश स्थापित करके देवी मां का आह्वान करते हैं। इस बार नवरात्र कलश स्थापना के लिए दो शुभ समय हैं। ग्वालियर के ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा से जानिए शुभ मुहूर्त। आदिशक्ति के आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र तीन अक्टूबर से शुरू हो रही हैं। नवरात्र के पहले दिन घटस्थापना करने व जवारे बोने का विशेष महत्व होता है। वास्तु के अनुसार, नवरात्र के पहले दिन सही दिशा में कलश स्थापित करने से लोगों के घरों से वास्तु दोष दूर हो जाते हैं। मंदिरों व घरों में घटस्थापना व जवारे बोने के साथ नवरात्र उत्सव शुरू हो जाएगा। जवारे इस बात का भी संकेत देते हैं कि वर्ष कैसा बीतेगा। अगर जवारे हरे रहते हैं, ऐसा माना जाता है कि आदिशक्ति ने आराधना से प्रसन्न होकर वर्षभर सुख-समृद्धि का संकेत दिया है। ग्वालियर के ज्योतिषाचार्य सुनील चोपड़ा ने बताया कि नवरात्र में कलश स्थापना और मिट्टी के बर्तन में जौ (जवारे) बोने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। 3 अक्टूबर को घटस्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह सवा छह बजे से लेकर सुबह सात बजकर दो मिनट तक है। दूसरा मुहूर्त दोपहर में 11 बजकर 46 मिनट से लेकर दोपहर साढ़े 12 बजे तक है। कलश स्थापना का स्थान पूर्व या उत्तर दिशा में होना चाहिए। कलश स्थापना के समय घड़े में चावल, गेहूं, जौ, मूंग, चना, सिक्के, कुछ पत्ते, गंगाजल, कुमकुम, रोली डालें और उसके ऊपर नारियल रखें। घड़े के मुंह पर मौली बांधें और कुमकुम से तिलक लगाएं और घड़े को एक चौकी पर स्थापित करें। कलश को रोली और चावल से अष्टदल कमल बनाकर सजाएं। देवी मां के मंत्रों का जाप करें।







# शक्ति के वंदन का माह
# महतारी वंदन की राह

## ₹1000

खुशियों के नोटिफिकेशन का 8वां माह

महिलाओं को समर्पित होगा
हर पंचायत में बनने वाला
## महतारी सदन



samvad ro no.41623/126

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
से जुड़ने के लिए
QR CODE स्कैन करें

श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

विष्णु के सुशासन से सँवर रहा छत्तीसगढ़

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com